पत्र सं0—12/कार्य0 दण्डा0 —1706/2025 सा0प्र0......657...../

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**राजीव रंजन दास,**
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक— 9 /01/2026

**विषयः—** **कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जाने वाले प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंगः— सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक—1935, दिनांक—14.02.2022

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (एक्ट—46, 2023) की धारा—14 के अन्तर्गत कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति एवं संबंधित अनुमण्डल के जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 (एक्ट—46, 2023) की धारा—163 के अन्तर्गत कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्रदान किये जाने के निमित्त विभिन्न जिलों से विभिन्न सेवा संवर्गों के पदाधिकारियों की अनुशंसा उपलब्ध करायी जा रही है।

**2.** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) द्वारा विभिन्न अनुमंडलों में कार्यपालक दण्डाधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध जिला/अनुमंडल में पदस्थापित किसी सेवा संवर्ग के ग्रेड पे—4800/—(पुनरीक्षित वेतन स्तर—8) के पदाधिकारियों की अनुशंसा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था।

**3.** प्रायः देखा जा रहा है कि कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान किये जाने के निमित्त जिले से प्राप्त होने वाली अनुशंसा में संबंधित अनुशंसित पदाधिकारी के वेतन स्तर का उल्लेख नहीं रहता है।

**4.** अनुरोध है कि कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान किये जाने के निमित्त अनुशंसित पदाधिकारियों का नाम, वर्त्तमान पदस्थापन, सेवा संवर्ग के साथ—साथ पदाधिकारी के वर्त्तमान वेतन स्तर का भी उल्लेख करने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोपरि**

विश्वासभाजन,
(ह0) 09/01.2026
**(राजीव रंजन दास)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक—12/कार्य0 दण्डा0—1706/2025 सा0प्र0......657...../ पटना—15, दिनांक—9-01-26

**प्रतिलिपिः—** सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(ह0) 09/01.2026
सरकार के उप सचिव।

(1)

पत्र संख्या–12/प0–1701/22 सा0प्र0 1935 /

**बिहार सरकार**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**डॉ॰ एस॰ सिद्धार्थ, भा.प्र.से.**
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी ।**

पटना–15, दिनांक– 14-2-2022

विषयः– जिला/अनुमंडल में पदस्थापित ग्रेड पे–4800/–(पुनरीक्षित वेतन स्तर–8) के पदाधिकारियों को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव भेजने के संबंध में ।

महाशय,

राज्य के विभिन्न अनुमंडलों में कार्यपालक दंडाधिकारी के अधिकांश पद रिक्त हैं, जिसके कारण अनुमंडल स्तर के न्यायालीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वर्त्तमान में समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों की कमी के कारण कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर नियमित पदस्थापन करने में कठिनाई हो रही है।

अतः अनुमंडल स्तर के न्यायालीय कार्यों के सम्पादन हेतु अपने अधीनस्थ विभिन्न अनुमंडलों में कार्यपालक दंडाधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध जिला/अनुमंडल में पदस्थापित किसी सेवा संवर्ग के ग्रेड पे–4800/–(पुनरीक्षित वेतन स्तर–8) के पदाधिकारियों का नाम, वर्त्तमान पदस्थापन तथा कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्रदान करने के निमित्त संबंद्ध अनुमंडल का नाम की सूचना पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि इन पदाधिकारियों को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्रदत्त की जा सके।

विश्वासभाजन,

10/2/2022
(डॉ॰ एस॰ सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–12/प0–1701/22 सा0प्र0 1935 /पटना, दिनांक– 14-2- 2022

प्रतिलिपिः–सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

10/2/2022
अपर मुख्य सचिव ।

Scanned with OKEN Scanner